आकाशवाणी भोपाल से

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06.06.2024 समय : 02.10 चउ

नड्डा . बैठक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन.एनडीए द्वारा नई सरकार गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। श्री नड्डा के आवास पर हो रही इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाहए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेता मौजूद हैं। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे हैं। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हो रही हैं।

इस बीच जनता दल यूनाइटेड ने कहा कि उसने नई एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। उन्होंने कहा कि पार्टी बिहार के लिए विशेष दर्जा चाहती है क्योंकि इससे राज्य से गरीबीए बेरोजगारी और पलायन के मुद्दों पर ध्यान दिया जा सकेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में कल से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहडोल जिले में आज कई कार्य किए जा रहे हैं। सरफा नदी में पिचिंग, दो वॉल डिस्लिटिंग का काम किया जा रहा है। बकहो नगर परिषद में तालाब की साफ–सफाई, क्षमता संवर्धन और वृक्षारोपण किया जा रहा है। श्योपुर में आज सीप नदी के गिर्राज घाट पर जल सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही नगर के सभी वार्डो में भी जल संरचनाओ की साफ–सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। छतरपुर जिले में अभियान अंतर्गत जल स्तोत्रों, नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन पर कार्य किया जाएगा। जिला कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कल ग्राम खोंप में चंदेल कालीन तालाब में नीति आयोग अंतर्गत किए जा रहे डिसिल्टिंग कार्य का निरीक्षण किया। खंडवा में कल ग्राम बोरगांव खुर्द में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा अभियान कार्य का शुभारंभ किया। निगम द्वारा सूरजकुंड मंदिर क्षेत्र में सफाई अभियान आयोजित किया गया।

महुआ महोत्सव'–भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना की ग्यारहवीं वर्षगाँठ आज से 'महुआ महोत्सव' के रूप में मनाई जाएगी। महुआ महोत्सव में 10 जून तक शिल्प एवं व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6 बजे इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। मेले में पांच राज्यों के पारंपरिक शिल्पियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें बांस, धातु, कपड़ा, ज्वैलरी, खराद एवं अन्य शिल्प शामिल हैं। वहीं व्यंजन मेले में भी मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, उड़ीसा, मणिपुर के व्यंजन मिलेंगे। महुआ महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से मध्यप्रदेश के लोक संगीत के साथ–साथ गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा एवं मणिपुर राज्यों की विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ होंगी।

शनि जयंति

आज वट सावित्री अमावस्या के साथ शनि जयंती मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है। आगरमालवा में महिलाओं द्वारा अपने घर–परिवार की सुख समृद्धि के लिये वटवृक्ष की पूजा कर सूत के धागे से फेरे लगाये गये उधर शनि जयंती पर जिले के शनि मंदिरों में भीड़ देखी जा रही है। खंडवा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शानी मंदिर में श्री शनि जन्म महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। बैतूल में गंज स्थित शनि मंदिर में धूमधाम से शनि जंयति का पर्व मनाया जा रहा है। बीजासनी मंदिर में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं।

टी.20 विश्व कप

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में आज ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हरा दिया है। एक अन्य मैच में युगांडा ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। आज रात में पाकिस्तान का मुकाबला अमरीका से और नामीबिया का सामना स्कॉटलैंड से होगा।

आईएसएसएफ.शूटिंग

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह ने म्यूनिख में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन. आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफाईंग दौर में 588 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने फाइनल में जगह बना ली।

रमिता और ईशा सिंह के बाद सरबजोत म्यूनिख विश्व कप में पदक राउंड तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हैं।

पुरुषों की थ्री पोजीशन स्पर्धा में चैन सिंह स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने भी अपना एलिमिनेशन राउंड जीत लिया। वे कल क्वालिफाईंग राउंड में भाग लेंगे। चीन चार स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर और फ्रांस एक स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर है।

समाचार संक्षेप

- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम जारी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए 10826 किसानों ने अपनी पंजीयन कराया था। अब तक 16564 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।

____